# कार्यालय नगर पालिक निगम रायगढ़ (छ.ग.)

Email.nraigarh@ymail.comWebsitewww.nagarnigamraigarh.com
Phone no. 07762-222911, Fax no. 07762-2229923

क्र. 1422 /रा.वि./न.पा.नि./2024 रायगढ़ दिनॉक 14.8.2024

## –: ऑफर आमंत्रण सूचना :–

नगर पालिक निगम, रायगढ़ निम्नांकित स्थलों पर वाहनों के पार्किंग ठेका संचालन हेतु त्रिलिफाफा पद्धत्ति से पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से ऑफर आमंत्रित करता है। इच्छुक व्यक्ति/संस्थान/महिला स्व सहायता समूह/एन.जी.ओ. कार्यालयीन समयावधि में निर्धारित तिथि तक ऑफर प्रपत्र निर्धारित शुल्क 300/– नगद कार्यालय में जमा कर प्राप्त कर सकते हैं अथवा नगर निगम की वेबसाइट से डाउनलोड करने पर 300/– की बैंक ड्राफ्ट संलग्न करना होगा ।

पार्किंग ठेका का विवरण निम्नानुसार है:–

| क्र. | स्थल का नाम | वाहन का प्रकार | अवधि | प्रीमियम राशि | अमानत राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | गांधी गंज मैदान | चार पहिया एवं दो पहिया | 01 वर्ष | 80,500/– | 8050/– |
| 2. | नगर पालिक निगम, कार्यालय प्रागंण | चार पहिया एवं दो पहिया | 01 वर्ष | 1,62,500/– | 16,250/– |

ऑफर प्रपत्र प्राप्त करने एवं जमा करने की अंतिम तिथि– 06.09.2024 समय 3:30 दोपहर तक।
ऑफर प्रपत्र खोले जाने की तिथि – 06.09.2024 समय 04:00 बजे।
अन्य नियम/शर्तें ऑफर प्रपत्र कार्यालय से कार्यालयीन समयावधि में तथा वेबसाईट http://nagarnigamraigarh.com पर प्राप्त/ डाउनलोड की जा सकती है।

राजस्व अधिकारी
नगर पालिक निगम
रायगढ़ (छ.ग.)

पृ.क्रमांक/1422/रा.वि./न.पा.नि./2024 रायगढ़ दिनॉक 14.8.2024

प्रतिलिपि:–

1. मान.महापौर/सभापति/नेता प्रतिपक्ष/राजस्व प्रभारी नगर पालिक निगम, रायगढ़ को सादर सूचनार्थ।
2. उपायुक्त, नगर पालिक निगम, रायगढ़ को सूचनार्थ।
3. कार्यपालन अभियंता नगर पालिक निगम, रायगढ़ को सूचनार्थ।
4. कार्यालय अधीक्षक/लेखापाल नगर पालिक निगम, रायगढ़ को सूचनार्थ।
5. सहा. जन संपर्क अधिकारी, नगर पालिक निगम, रायगढ़ को सूचनार्थ।
6. कार्यालय नगर पालिक निगम, रायगढ़ के नोटिस बोर्ड में चस्पा हेतु।
7. प्रोग्रामर नगर पालिक निगम रायगढ़ को कार्यालय/विभागीय वेबसाईट में अपलोड हेतु।
8. संपादक ........................................ को सूचनार्थ। उक्त ऑफर सूचना का प्रकाशन साईज .............................. में किया जाकर देयक समाचार पत्र की दो प्रतियों के साथ भुगतान हेतु प्रस्तुत करें ।

राजस्व अधिकारी
नगर पालिक निगम
रायगढ़ (छ.ग.)

CamScanner

# कार्यालय नगर पालिक निगम रायगढ़ (छ.ग.)

Email.nraigarh@ymail.comWebsitewww.nagarnigamraigarh.com
Phone no. 07762-222911, Fax no. 07762-2229923


क्रमांक/1421/रा.वि./नपानि/2024 रायगढ़ दिनांक 14.8.2024

## ।। वाहन पार्किंग ठेका संचालन हेतु नियम व शर्तें ।।

1. नगर निगम द्वारा जारी ऑफर प्रपत्र ही स्वीकार किया जावेगा।
2. ठेका अवधि स्वीकृति दिनांक से 1 वर्ष के लिए होगी।
3. आवेदन त्रि लिफाफा पद्धत्ति से मान्य होगा जो निम्नानुसार है :– मुख्य लिफाफा जिसके अंदर दो लिफाफा – प्रथम लिफाफा में निर्धारित अमानत राशि का बैंक ड्राफ्ट एवं ऑफर प्रपत्र का निर्धारित शुल्क की रसीद अथवा बैंक ड्राफ्ट आयुक्त नगर पालिक निगम,रायगढ़ के नाम से जमा एवं निम्न दस्तावेज–(अ) व्यक्ति/संस्थान से संबंधित दस्तावेज – जी.एस.टी., आई.टी.आर., पंजीयन आधार कार्ड, शपथ पत्र कंडिका 6 के अनुसार (ब) महिला स्व सहायता समूह की स्थिति में – पंजीयन,लेखा प्रस्ताव, सभी सदस्यों का आधार कार्ड, शपथ पत्र कंडिका 6 के अनुसार (स) एन.जी.ओ. की स्थिति में –पंजीयन पिछले वर्ष का वित्तीय जानकारी, ऑडिट रिपोर्ट एन.जी.ओ.सदस्यों का आधारकार्ड, शपथ पत्र कंडिका 6 के अनुसार । द्वितीय लिफाफा में केवल ऑफर दर रहेगा। प्रत्येक लिफाफा के उपर शीर्षक का स्पष्ट उल्लेख करना होगा। प्रथम लिफाफा सही पाये जाने पर ही द्वितीय लिफाफा (ऑफर दर) खोला जावेगा ।
4. पार्किंग स्थल 01 एवं 02 के लिए पृथक–पृथक त्रिस्तरीय लिफाफा प्रस्तुत करना होगा तथा लिफाफे के उपर स्पष्ट रूप से कार्य का नाम और विषय का उल्लेख करना अनिवार्य है।
5. पार्किंग ठेका हेतु प्राप्त उच्चतम ऑफर दर स्वीकार की जावेगी।
6. नगर पालिक निगम, रायगढ़ के बकायादारों का ऑफर दर स्वीकार नहीं होगा। ऑफरदाता को 50/– के नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प में बकाया नही के संबंध में शपथ पत्र प्रस्तुत करना होगा। (प्रारूप संलग्न)
7. किसी भी ऑफर को स्वीकृत/अस्वीकृत/निरस्त करने का पूर्ण अधिकार, आयुक्त नगर पालिक निगम, रायगढ़ के पास सुरक्षित होगा, इस हेतु कोई कारण नहीं बताया जावेगा।
8. नगर निगम द्वारा पार्किंग शुल्क प्रति वाहन प्रतिदिन (अधिकतम 08 घण्टा) हेतु:– चार पहिया 20/– रू. एवं दो पहिया 10/– रू. (अधिकतम 12 घण्टा) हेतु:– चार पहिया 40/– रू. एवं दो पहिया 20/– रू. निर्धारित है उक्त दर पर ही ठेकेदार द्वारा पावती रसीद दे कर वाहन स्वामी से वसूल किया जाना होगा।
9. पार्किंग शुल्क हेतु ठेकेदार द्वारा जारी की जाने वाली रसीद/पर्ची ठेकेदार द्वारा मुद्रित कराई जावेगी, तथा जारी करने के पूर्व राजस्व निरीक्षक नगर पालिक निगम रायगढ़ से प्रमाणित करनाई जावेगी अन्य रसीद एवं निर्धारित शुल्क से अधिक राशि लिये जाने पर ठेका निरस्त करने की कार्यवाही किया जावेगी।
10. ठेकेदार को वाहनों का रख–रखाव की जिम्मेदारी होगी तथा चोरी या क्षति होने पर उसकी भरपाई स्वयं के द्वारा करना होगा।
11. ठेकेदार अपने पयाप्त अधिनस्थ कर्मचारी रखेगा जिसका नगर निगम में व्यक्तिगत परिचय पत्र, आधारकार्ड जमा करना होगा एवं कार्य संचालन हेतु नियुक्त कर्मचारी को वर्दी के साथ फ्लोरासेन्ट एप्रान भी पहनाना होगा।
12. उच्चतम ऑफर में प्राप्त दर स्वीकृत होने पर ऑफरदाता को 25 प्रतिशत राशि 24 घंटे के अन्दर जमा करना होगा तथा शेष 75 प्रतिशत राशि 30 दिवस के अंदर जमा करना होगा। यदि विनिर्दिष्ट कालावधि के भीतर ऐसी राशि जमा नहीं की जाती है तब प्रतिभूति निक्षेप की राशि अभिगृहित कर ली जाएगी।
13. पार्किंग स्थल पर साफ–सफाई, पेंटीग, लाईटिंग की समुचित व्यवस्था करना होगा।
14. शासन द्वारा निर्धारित नियमानुसार जी.एस.टी. स्वीकृत ठेका राशि के साथ जमा करना होगा।
15. प्रथम एवं द्वितीय ऑफरदाता का अमानत राशि रोककर शेष ऑफरदाताओं का डी.डी. वापिस किया जावेगा।
16. प्रथम उच्चतम ऑफरदाता द्वारा 25 प्रतिशत् राशि जमा करने के पश्चात् ही द्वितीय बोलीदार/ऑफरदाता की अमानत राशि वापिस की जावेगी।

पेज–02

CamScanner

# कार्यालय नगर पालिक निगम रायगढ़ (छ.ग.)

Email.nraigarh@ymail.comWebsitewww.nagarnigamraigarh.com
Phone no. 07762-222911, Fax no. 07762-2229923




17. ठेकेदार के विरूद्ध शिकायत प्राप्त होने पर तथा की गई शिकायत सिद्ध होने पर तथा अनियमितता एवं नियम/शर्त अनुबंध का उल्लंघन किये जाने की दशा में 07 दिवस का सूचना दिया जा कर ठेका समाप्त करने का अधिकार आयुक्त, नगर पालिक निगम रायगढ़ के पास सुरक्षित होगा एवं आयुक्त अन्यथा बकाया राजस्व वसूली की तरह जुर्माना राशि वसूल किया जावेगा।
18. पार्किंग स्थल पर किसी भी अन्य प्रकार का व्यवसाय पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।
19. उच्चतम ऑफर स्वीकृति के पश्चात् ऑफरदाता स्वयं के व्यय से नियमानुसार निर्धारित राशि के नॉन ज्यूडिशियल स्टॉम्प पेपर पर अनुबंध निष्पादित करेगा।
20. किसी प्रकार का विवाद की स्थिति में आयुक्त नगर पालिक निगम रायगढ़ का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा।
21. सशर्त ऑफर स्वीकार नहीं की जाएगी।

राजस्व अधिकारी
नगर पालिक निगम
रायगढ़ (छ.ग.)

CamScanner

# कार्यालय नगर पालिक निगम, रायगढ़ (छ.ग.)

## <u>वाहन पार्किंग ठेका संचालन ऑफर प्रपत्र</u>

आवेदन शुल्क 300/–रू. रसीद क्र. .............................................. दिनांक .....................................

बैंक का नाम ..........................................राशि ...............................डी.डी. क्रमांक ............................... दिनांक ............................

1. ऑफर दाता का पूरा नाम :– ..........................................................................................................

2. पिंता/पति का नाम :– ...........................................................................................................

3. पूर्ण पता संपर्क नं0 सहित :– .........................................................................................................

4. आधार कार्ड नं. :– ............................................................................................................

5. पार्किंग स्थल का नाम :– .............................................................................................

6. अमानत राशि का बैंक ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक क्र. .............................. दिनांक ...........................राशि ..................

7. प्रस्तुत ऑफर दर राशि रूपये :–

अंकों में .................................................शब्दों में रू. ...................................................................................

<u>ऑफरदाता का घोषणा</u>

मैं घोषणा करता हूं कि वाहन पार्किंग ठेका संचालन का नियम व शर्त मुझे स्वीकार हैं, उल्लंघन होने की स्थिति में आयुक्त नगर पालिक निगम रायगढ़ मेरे द्वारा प्रस्तुत ऑफर दर निरस्त कर सकती है, जिस पर मुझे कोई आपत्ति नहीं होगी एवं आयुक्त नगर पालिक निगम रायगढ़ का निर्णय मुझे मान्य होगा।

संलग्नः– ..........................................................................

**आवेदक**

हस्ताक्षर :– .........................................................

ऑफर दाता का नाम :– ..............................

पूर्ण पता :– ..............................................

दिनांक :– .................................................

मो. न. :– .............................................

---

| | | |
|---|---|---|
| 1. ऑफर आमंत्रण सूचना प्रकाशन | – | क्रमांक 1422/रा.वि./न.पा.नि./2024 दिनांक 14.08.2024 |
| 2. ऑफर प्राप्त करने का अंतिम तिथि | – | 06.09.2024 समय सायं 03:30 बजे तक |
| 3. ऑफर प्रस्तुत करने का अंतिम तिथि | – | 06.09.2024 समय सायं 03:30 बजे तक |
| 4. ऑफर खोलने का दिनांक | – | 06.09.2024 समय सायं 04:00 बजे तक |

संलग्नः– ऑफर नियम व शर्त

ऑफर प्रपत्र जारीकर्ता अधिकारी का हस्ताक्षर एवं सील

टीपः–लिफाफे के उपर "**वाहन पार्किंग स्थल का नाम** " अंकित करना होगा।

CamScanner

## शपथ पत्र का प्रारूप

मैं ..............................................................................पिता/पति .............................................
उम्र .................. निवासी ..........................................................................तहसील व जिला ....................
छ.ग. शपथपूर्वक निम्नानुसार कथन करता हूं :–

1. यह कि मैं निजी व्यवसायिक रूप में पंजीकृत हूं /संस्था/महिला स्व सहायता समूह/एन.जी.ओ. का अध्यक्ष हूं ।
2. यह कि मैं नगर पालिक निगम रायगढ़ के किसी भी प्रकार का कर एवं अन्य संबंधी बकायादार नहीं हूं तथा नगर पालिक निगम रायगढ़ से संबंधित मेरे या मेरे परिवार के सदस्यों के नाम से संपत्ति का किसी प्रकार का बकाया नहीं है।
3. यह शपथ पत्र मुझे नगर पालिक निगम रायगढ़ द्वारा वाहन पार्किंग ऑफर आमंत्रण सूचना के तहत् ऑफर दर प्रस्तुत करने हेतु आवश्यकता हुई है।

शपथकर्ता

नाम ............................

सत्यापन

मैं .......................................................................पिता/पति .............................................................
शपथ पूर्वक सत्यापित करता हूं कि इस शपथ पत्र के कंडिका क्रमांक 01 से 03 तक में दी गई जानकारी सत्य एवं सही है असत्य पाये जाने पर मेरे द्वारा प्रस्तुत ऑफर दर बिना सूचना के निरस्त करने पर मुझे किसी प्रकार का आपत्ति नहीं होगी। उक्त शपथ पत्र पढ़ समझकर दिनांक .................. को अपना हस्ताक्षर कर शपथ पत्र का सत्यापन किया ।

रायगढ़ दिनांक ........................

गवाह:–

सत्यापनकर्ता

नाम .....................................

नाम ............................